# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 30.10.2025 समय : 1905

**<><><><><><><>**

1. राष्ट्रीय एकता दिवस पर कल गुजरात के केवड़िया में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एकता परेड का उद्घाटन करेंगे। सरदार पटेल की एक सौ पचासवीं जयन्ती पर देशभर में मनाया जाएगा एकता और अखंडता का महोत्सव।
2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पर विचार साझा करते हुए कहा समुद्री क्षेत्र में निवेश के लिए भारत एक आदर्श बंदरगाह है।
3. अंडमान निकोबार द्वीप समूह के भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि एस आई आर अभियान से मतदाता सूची होगी और अधिक सटीक। उन्होंने कहा लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए द्वीपवासी भ्रामक दुष्प्रचार से दूर रहे।
4. श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के सहयोग से भातूबस्ती में निर्मित यूनिटी पार्क का कल प्रशासन द्वारा उद्घाटन किया जाएग।

**<><><><><><>**

राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर कल गुजरात के केवड़िया में एक भव्य एकता परेड का आयोजन किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। हर साल इक्कतीस अक्टूबर को एकता नगर में यह परेड आयोजित की जाएगी। "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के प्रतीक के रूप में आयोजित इस परेड का उद्देश्य देश में एकता और अखंडता का संदेश फैलाना है। गृहमंत्री अमित शाह ने बताया कि देशभर में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी राज्य, जिले, पुलिस स्टेशन, स्कूल और विश्वविद्यालय शामिल होंगे। इसके बाद प्रत्येक नागरिक को एकता और अखंडता के लिए शपथ दिलाई जाएगी। यह आयोजन सरदार वल्लभभाई पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती के उपलक्ष्य में हो रहा है। गृहमंत्री अमित शाह ने एक प्रेस कॉनफ्रेन्स में कहा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से दो दिन की गुजरात यात्रा पर है। श्री मोदी आज एकता नगर में एक हजार एक सौ चालीस हजार रूपए से अधिक की बुनियादी ढांचा और विकास परियोजनओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत एक प्रमुख समुद्री केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि भारत कनेक्टिविटी, मूल्यवर्धित सेवाएँ, हरित नौवहन पहल और उद्योग–अनुकूल नीतिगत ढाँचा भी प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर समुद्री क्षेत्र में निवेश के लिए भारत के अग्रणी स्थल के रूप में उभरने पर विचार साझा करते हुए कहा कि समुद्री क्षेत्र में निवेश के लिए भारत एक आदर्श बंदरगाह है। श्री मोदी ने कहा कि भारत की विस्तृत लंबी तट रेखा और विश्व स्तरीय बंदरगाह हैं। उन्होंने निवेशकों से देश की समुद्री विकास गाथा का हिस्सा बनने का आह्वान किया। श्री मोदी ने कहा कि भारत की रणनीतिक स्थिति, आधुनिक बंदरगाह अवसंरचना और नवाचार की प्रतिबद्धता के कारण जहाज निर्माण, बंदरगाह संचालन, रसद, तटीय नौवहन और संबद्ध सेवाओं में निवेशकों के लिए अपार अवसर उपलब्ध हैं।

<><><><><><><>

भारत समुद्री सप्ताह दो हजार पच्चीस के दौरान "समुद्री मानव पूंजी" सत्र में केंद्रीय युवा कार्यक्रम, खेल तथा श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि भारत प्राचीन काल में जहाज निर्माण और समुद्री क्षमताओं में विश्व अग्रणी था। उन्होंने बताया कि वास्को डी गामा से पहले ही भारतीय व्यापारियों ने वैश्विक व्यापार मार्ग स्थापित कर लिए थे। डॉ. मांडविया ने कच्छ की 'मालम नी पोथी' का उल्लेख करते हुए कहा कि यह नाविकों के लिए विश्व स्तर पर मान्य दिशा–सूचक ग्रंथ था। उन्होंने "समुद्री अमृत काल परिकल्पना दो हजर सैंतालीस" को साकार करने हेतु भारत के प्राचीन समुद्री ज्ञान के उपयोग पर बल दिया। उन्होंने बताया कि इस विरासत को आगे बढ़ाने के लिए गुजरात के लोथल में समुद्री परिसर

की स्थापना की जा रही है। कार्यक्रम में अग्रणी महिला समुद्री पेशेवरों और कैप्टन जे.सी. आनंद को सम्मानित किया गया।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के भाजपा अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बारह राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों, जिनमें अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह भी शामिल है, में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दूसरे चरण की घोषणा का स्वागत किया है। यह अभियान चार नवंबर से एक महीने तक चलेगा। श्री तिवारी ने कहा कि यह पहल मतदाता सूची को सही करने में सहायक होगी, जिससे अन्य राज्यों में स्थानांतरित या दिवंगत लोगों के नाम हटाए जा सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रक्रिया में कोई भी वैध निवासी वंचित नहीं होगा। उन्होंने जनता से अपील की कि वे भ्रामक प्रचार से प्रभावित न हों और इस प्रक्रिया को लोकतंत्र की मजबूती के रूप में देखें।

<><><><><><><>

स्कूली छात्रों में खेल और फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दक्षिण अंडमान के उप शिक्षा अधिकारी, ने गर्ल्स स्कूल, श्री विजया पुरम में एफ फोर एस कार्यक्रम के तहत फुटबॉल कोचिंग कक्षाएं शुरू की हैं। ये कक्षाएं तीन नवंबर से दोपहर तीन बजे से साढ़ें चार बजे तक आयोजित होंगी। प्रशिक्षण का संचालन अहमद अली, पी जी टी द्वारा किया जाएगा। इच्छुक छात्र नामांकन के लिए 9679550789 संपर्क कर सकते हैं। यह पहल छात्रों के सर्वांगीण विकास और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने की दिशा में शिक्षा विभाग का सराहनीय प्रयास है।

<><><><><><><>

श्री विजया पुरम कैंपस और मरीना पार्क के बीच फिट इंडिया फ्रीडम रन 6.0 का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अर्जुन पुरस्कार विजेता रोइंग कोच जेनिल कृष्णन और फुटबॉल कोच मोहम्मद सादिक ने किया। दौड़ के साथ पौधारोपण अभियान भी चलाया

गया, जिसमें फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम #Run4India थीम पर आयोजित हुआ, जिसमें खिलाड़ियों ने प्लॉगिंग गतिविधि के जरिए स्वच्छता का संदेश फैलाया। इस कार्यक्रम का आयोजन साई–एस टी सी के मार्गदर्शन में किया गया।

<><><><><><><>

नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा 22 सितंबर को कई क्षेत्रों में वस्तु और सेवाकर– जीएसटी दरों में कटौती के साथ जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हुई थी। द्वीप समूह के इलेक्ट्रोनिक सामान के विक्रेता ने बताया कि इस नए जी एस टी सुधार से आम लोगों को काफी लाभ मिल रहा है।

<><><><><><><>

भातूबस्ती में निर्मित यूनिटी पार्क का उद्घाटन अंडमान एवं निकोबार प्रशासन की आयुक्त–सह–सचिव चंचल यादव द्वारा कल शाम साढ़े पांच बजे किया जाएगा। इस अवसर पर एस वी पी एम सी के अध्यक्ष, शाहुल हमीद, एस वी पी एम सी के सचिव अज़हरुद्दीन ज़हीरुद्दीन काज़ी तथा वार्ड संख्या उन्नीस के पार्षद वेत्री वेलु विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

<><><><><><><>

स्कूल लाइन जंक्शन पर स्थित चाणक्य ट्यूशन सेंटर की मुख्य सड़क, सड़क निर्माण कार्य के लिए कल से सात नवंबर तक बंद रहेगी। इस अवधि के दौरान सभी वाहनों को चाणक्य ट्यूशन सेंटर से रांची बस्ती लिटिल एंजेल क्लिनिक की ओर मोड़ दिया जाएगा। यह व्यवस्था कार्य के सुचारू निष्पादन और जनसुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए की गई है।

<><><><><><><>